<u>न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्य प्रदेश, ग्वालियर</u>
समक्ष— आशीष श्रीवास्तव,
सदस्य

निगरानी प्रकरण कमांक 3669-तीन/2013 विरूद्ध आदेश दिनाक 14-6-2013 राजस्व निरीक्षक वृत्त डभौरा तहसील जवा जिला रीवा म0 प्र0 के प्रकरण कमांक 20/ए-12/2012-2013

देवाश्रय तनय अयोध्या प्रसाद नाई उम्र 80 वर्ष
पेशा खेती निवासी ग्राम नष्टगंवा तहसील जबा जिला रीवा म0 प्र0

...........आवेदक,

विरूद्ध

1 शासन म0 प्र0
2 महरानिया पत्नी श्री झल्ला नाई उम्र 75 वर्ष
पेशा घरू कार्य निवासी ग्राम नष्टगंवा तहसील जबा जिला रीवा म0 प्र0

..........अनावेदकगण

श्री सूर्यनाथ पाण्डे, अभिभाषक आवेदक

:: आ दे श ::

(आज दिनांक 1/12/15को पारित)

यह निगरानी प्रकरण कमांक 3669-तीन/13 राजस्व मण्डल में म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 (जिसे संक्षेप में सहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक वृत्त डभौरा तहसील जवा जिला रीवा म0 प्र0 के प्रकरण कमांक 20ए12/12-13 में पारित आदेश दिनांक 14-6-13 के विरूद्ध दायर हुआ है ।

2/ प्रकरण का संक्षेप इस प्रकार है । निगरानी मेमों में लिखे अनुसार निगराकार देवाश्रय एवं गैरनिगराकार कमांक 2 महरानिया के मध्य माननीय व्यवहार न्यायाधीश-2, त्यौथर, जिला रीवा के समक्ष के व्यवहार वाद कमांक 3ए/82 में दिनांक 13-7-90 को राजीनामा हुआ था, जिसके उपरान्त ग्राम नष्टगंवा की आराजी